हेस्वामिन् शीतलनाथ! आप जीवोंके नेत्ररूपहैं जैसे नेत्रोंके द्वारा घटपटादिकका ज्ञान होता है उसीप्रकार जीवादिक पदार्थोंका ज्ञान आपके ही द्वारा होता है। हे प्रभो यह बड़ा आश्चर्य है कि आप पृथिवीको घात करनेवाले भी हैं और प्रसन्न करनेवाले

भी हैं तथा शीतल भी हैं और पावक (अग्नि) भी हैं । परन्तु यह बात विरुद्ध है जो शीतल है वह पावक नहीं होसकता। जो पावक है वह शीतल नहीं होसकता । जो घातक है वह प्रसन्नकारक नही होसकता । जो प्रसन्न कारक है वह घातक नहींहो सकता । परन्तु आप शीतल अर्थात् भव्यजीवोको आल्हाद करने वाले भी हैं और पावक अर्थात् पवित्र भी हैं तथा पृथिवीमंडल को प्रसन्न करनेवाले भी हैं और पृथिवीमंडल अर्थात् ज्ञानावरणादि कर्मसमूहको घात करनेवाले भी हैं ॥ ४१ ॥

मुरज ।

काममेत्य जगत्सारं जनाः स्नात महोनिधिम् ।
विमलात्यन्तगम्भीरं जिनामृतमहोदधिम् ॥४२॥

कामेति—काममत्यर्थं कमनीयं वा । एत्य गत्वा । जगत्सार त्रिलोकसारम् । जनाः लोका । स्नात अज्ञानमलप्रक्षालन कुरुध्वम् । महसा तेजसा निधि अवस्थान य. सः अतस्त महोनिधिम् । विमलः निर्मलः अत्यन्त. अपर्यन्तः गम्भीरः अगाधः य. सः विमलात्यन्तगम्भीर' अतस्त विमलात्यन्तगम्भीरम् । जिन एव अमृतमहोदधिः क्षीरसमुद्र. जिनामृतमहोदधिः अतस्त जिनामृतमहोदधिम् । एतदुक्त भवति—यतः एवभूतः शीतलभट्टारक ततस्त शीतल जिनामृतमहोनिधि विमल अत्यन्तगम्भीर हे जिना एत्य गत्वा स्नात कामम् ॥ ४२ ॥

हे श्रीशीतलनाथ भगवन् ! आप क्षीरसमुद्रके समान हैं क्षीरसमुद्र भी जगतका सारभूत है आप भी तीनों जगतोंमें

सारभूत अर्थात् उत्तम हैं । क्षीरसमुद्र निर्मल है आप भी निर्मल अर्थात् क्षुधादिक अठारह दोषोंसे रहित हैं । क्षीरसमुद्र अतिशय गम्भीर है आप भी अतिशय गम्भीर है। अन्तर केवल इतना है कि आप तेजोनिधि भी हैं किंतु क्षीरसमुद्र तेजोनिधि नही होसकता । इसलिये भो अव्यजन हो ! श्रीशीतलनाथरूपी अपूर्व क्षीरसमुद्रके समीप जाकर यथेष्ट अज्ञानरूपी मलका प्रक्षालन करो ॥ ४२ ॥

इति शीतलनाथस्तुति ।

अर्द्धभ्रमनिरौष्ठ्यगूढचतुर्थपाद ।

हरतीज्याहिता तान्ति रक्षार्थायस्य नेदिता ।
तीर्थादे श्रेयसे नेताज्यायःश्रेयस्ययस्य हि ॥ ४३ ॥

हरतीति—अर्द्धेन भ्रमति यत' औष्ठ्याक्षरमपि न विद्यते सर्वत्र चतुर्थपादाक्षराणि च सर्वेषु पादेषु सन्ति ततो भवत्यय एव-गुण. ।

हराति विनाशयति । इज्या पूजा । आहिता कृता । तान्ति खेदं क्लेशं दु.खम् । रक्षार्था पालनार्था, अयस्य प्रयस्य यत्न कृत्वा । नेदिता) समीपीकृता आन्तिकस्य णिचि कृते नेदादेशस्य रूपमेतत् क्तान्तस्य । शीतलतीर्थविच्छेदे उत्पन्नो यतः ततः तीर्थादिः संजात' तस्य सम्बोधन हे तीर्थादे । श्रेयसे अभ्युदयाय । नेता नायकः । अज्याय' वृद्धत्व-हीनः । श्रेयसि एकादशतीर्थकरे त्वयि । अयस्य पुण्यस्य । हि यस्मात् ।

एतदुक्त भवति—हे तीर्थादे अज्याय: त्वयि श्रेयसि आहिता इज्या रक्षार्था प्रयस्य पुण्यस्यान्तिका श्रेयोर्थी इह लौकिकार्था तान्ति दुःख हरति । यतस्ततस्त्व नेता नायक एव नान्य: । उत्तरश्लोके यानि विशेषणानि तान्यत्रैव दृष्टव्यानि ॥ ४३ ॥

शीतलनाथ तीर्थके विच्छेद होजाने पर होनेवाले हे श्रेयांसनाथ भगवन् ! आप सदा अजर हैं । मन वचन कायसे प्रयत्नपूर्वक की हुई आपकी पूजा संसारके सम्पूर्ण क्लेशोको दूर करनेवाली है । तथा पुण्यकी रक्षा करनेवाली और कल्याणको देनेवाली है । इसलिये हे प्रभो ! ससारके नायक आप ही होसकते हैं । अन्य कोई नही ॥ ४३ ॥

अर्द्धभ्रम. ।

अविवेको न वा जातु विभूषापन्मनोरुजा ।
वेषा मायाज वैनो वा कोपयागश्च जन्म न ४४

अविवेकेति—त्वयि श्रेयसि इत्यनुवर्त्तते । अविवेक: अनालोचनम् । न प्रतिषेधवचनम् । वा समुच्चये । जातु कदाचित् । विभूषा शरीरालकार॰ । आपत् विपत् महासंक्लेश: । मनोरुजा चित्तपीडा । वेषा शरीरविन्यास । माया वचना । हे अज सर्वज्ञ । वा समुच्चये । एनो वा पाप वा । कोप क्रोध: हिंसापरिणाम: । आगश्च अपराधश्च । जन्म उत्पत्ति: । न प्रत्येकमाभिसम्बन्धनीय: । किमुक्त भवति—हे श्रेयन् अस्मिन् त्वयि अविवेको न कदाचिदभूत्, विभूषा वा न, आपद्वा न, मनोरुजा वा न, वेषा वा न, माया वा न, हे अज एनो वा न, कोप:

आगश्च जन्म च न, यत: ततो भवानेव नेतेति सम्बन्धः । आविवेको नास्तीति वचनेन साख्यसौगतयोगाना निराकरणं कृतम् । अन्यैर्विशे-षणैरन्ये निराकृता: ॥ ४४ ॥

हे श्रेयांसनाथ सर्वज्ञ ! आपमें कभी अविवेक नहीं था । शरीरमे कोई अलकार भी नही था । तथा आपत्ति, चित्तकी पीड़ा, शरीरका विन्यास, माया, पाप, क्रोध, अपराध, जन्म मरण आदि कभी नहीं थे । हे प्रभो ! इसकारण ही आप सबके स्वामी हो

इस श्लोकमे श्रीश्रेयांसनाथभगवानके जो विशेषण दिये हैं उन सबसे अन्यमतोका निराकरण होता है । यथा–सांख्य बौद्ध नैयायिक लोग ईश्वरको ज्ञानस्वरूप नहीं मानते, किन्तु ज्ञानका अधिकरण मानते हैं । इसका निराकरण " आप कभी अविवेकी नहीं थे " इस विशेषणसे होता है । इसीप्रकार अन्य विशेषणोसे भी और और मतोका निराकरण समझ लेना चाहिये ॥ ४४ ॥

मुरज ।

आलोक्य चारु लावण्यं पदाल्लातुमिवोर्जितम् ।
त्रिलोकी चाखिला पुण्यं मुदा दातुं ध्रुवोदितम् ।४५।

आलोक्येति—आलोक्य दृष्ट्वा । चारु शोभनम् । लावण्य सारूप्य सौभाग्यम् । पदात् पादात् । लातु गृहीतुम् । इव औपम्ये । ऊर्जितं महत् । त्रयाणा लोकानां समाहार. त्रिलोकी । च अत्यर्थे ।

अखिला निरवशेषा । पुण्य शुभम् । मुदा हर्षेण । दातुं दत्तुम् । ध्रुवो-दित नित्योद्गतम् । श्रेयसोत्यनुवर्त्तते । किमुक्त भवति—यस्य श्रेयसो भट्टारकस्य पादात् त्रिलोकी अखिला आलोक्य लावण्यं किं विशिष्ट पुण्य दातुं ध्रुवोदितामिवोर्जित लातुमिव ननाम इति सम्बन्ध. । भट्टार-कस्त्व मा अव इत्युत्तरसम्बन्धः ॥ ४५ ॥

हे श्रेयांसनाथ भगवन् ! आपके चरणकमलोका सुन्दर लावण्य हर्षपूर्वक पुण्यप्रदान करनेकेलिये ही मानो सदा प्रकाशमान है तथा अतिशय विस्तृत है । हे प्रभो ! त्रिभुवनके समस्त जीव आपके चरणकमलोका ऐसा सुन्दर लावण्य देखकर उसे ग्रहण करनेकेलिये ही मानो नमस्कार करते हैं । इसलिये हे प्रभो ! मेरी भी आप रक्षा कीजिये ॥ ४५ ॥

श्लोकयमक ।

अपराग समाश्रेयन्ननाम यमितोभियम् ।
विदार्य सहितावार्य समुत्सन्नज वाजितः ॥४६॥

अपेति—अपराग वीतराग । समाश्रेयं सम्यगाश्रेयम् । ननाम नौतिस्म । त्रिलोकी इति सम्बन्धः । य भट्टारकं । इत : प्राप्तः । भिय भीतिम् । विदार्य प्रभिद्य । सह हितेन वर्त्तन्ते इति सहिता तैरावार्य्य· परिवेष्टित. सहितावार्यः तस्य सबोधन हे सहितावार्य । सम्यग् मुत् हर्ष यस्यासौ समुत् । सन् भवन् । हे अज सर्ववित् । वाजितः कटकित· । किमुक्तं भवति—यस्य पादात् त्रिलोकी लावण्य लातुमिव य ननाम । य वा भव्यजनः इतः भय विदार्य सहर्ष· सन् वाजितः कटकितः पुलकित-शरीरो भवति स त्व मा अव इत्युत्तरञ्च सम्बन्धः ॥ ४६ ॥

हे सर्वज्ञ ! वीतराग ! सबका हित करने वाले श्रेयांसनाथ भगवन् ! आप सबके प्रधान आश्रय हो । यह समस्त जगत आपके चरण कमलोंसे सुन्दर लावण्य लेनेकेलिये ही आपको नमस्कार करता है अथवा ये भव्यजन आपको पाकर ही निर्भय होजाते हैं । तथा अतिशय हर्षित होकर रोमांचित होजाते है । अतएव हे प्रभो ! मेरी भी रक्षा कीजिये ।। ४६ ।।

अपराग स मा श्रेयन्ननामयमितोभियम् ।
विदार्यसहितावार्य समुत्सन्नजवाजितः ॥४७॥

अपरागेति—पराग सपराय । न विद्यते परागो यस्यासावपराग: तस्य सबोधन हे अपराग । स त्व । मा अस्मान् । हे श्रेयन् एकादशतीर्थकर । आमय. व्याधि., न विद्यते आमयो यस्यासावनामय: त अनामय, मा इति सम्बन्ध' । इत इत: प्रभृति । अभिय अभयम् । विद् ज्ञानम्, आर्य्या. साधव , तै सहित' युक्त विदार्यसहित' तस्य सम्बोधनं हे विदार्यसहित । अव रक्ष । आर्य पूज्य । समुत्सन्नजव । आजित. सग्रामात् कलहात् प्रणयसग्रामाद्वा । किमुक्त भवति—स एव विशिष्ट त्व हे श्रेयन् इत'प्रभृति अनामय अभिय मा रक्ष आजित: समुत्सन्नजव अपराग ।। ४७ ।।

हे भगवन् ! श्रेयांसनाथ ! आप वीतराग है । सर्वज्ञ हैं । अनेक मुनिजन सदा आपकी सेवामें उपस्थित रहते है । आप सबके पूज्य हैं । आपका वेग रागद्वेषके घोर संग्रामसे बहुत दूर है अर्थात् आप सदा रागद्वेषरहित हैं । हे प्रभो ! मैं आपके दर्शन करने मात्रसे ही निर्भय होगया हूं । मेरी अनेक व्याधियां जाती रही हैं । हे देव ! अब मेरी रक्षा कीजिय ।। ४७ ।।

इति श्रेय स्तुति. ।

अनन्तरपादमुरजबन्ध ।

अभिषिक्तः सुरैर्लोकैस्त्रिभिर्भक्तः परैर्न कैः ।
वासुपूज्य मयीशेशस्त्वं सुपूज्यः क ईदृशः ॥४८॥

अभीति—प्रथमद्वितीययोस्तृतीयचतुर्थयो. पादयो: मुरजबन्धो दृष्टव्य. ।

अभिषिक्त मेरुमस्तके स्नापित । सुरै॰ देवै. । लोकैस्त्रिभि. भवन वासिमनुष्यदेवेन्द्रै । भक्त सेवित. । परैरन्यै. कैर्न सेवित किन्तु सेवित एव । हे वासुपूज्य द्वादशतीर्थकर । मयि विषये मम वा । ईशानामीश. ईशेश त्व । सुष्ठु पूज्य. सुपूज्यः । क ईदृश युष्मत्समान अन्यः क इत्यर्थ॰ । एतदुक्त भवति—हे वासुपूज्य य लोकैः त्रिभि अभिषिक्त. भक्तश्च सः अन्यै कैर्न भक्त॰ सेवितश्च ततो मयि मम त्वमेव ईशेश अन्यः ईदृश॰ सुपूज्य. क य: अस्माक स्वामी भवेत् ॥ ४८ ॥

हे भगवन् ! वासुपूज्य ! वैमानिक देवोंने तथा भवन वासी व्यन्तर ज्योतिष्क मनुष्य तिर्यञ्च आदि तीनो लोकोंने आपको सुमेरु पर्वतके मस्तकपर ले जाकर आपका अभिषेक किया, आपकी सेवा की । हे प्रभो ! फिर ऐसा कौन है जो आपकी सेवा न करे अर्थात् सभी आपकी सेवा करते हैं। अत-एव मेरेलिये आपही ईश्वरोंके ईश्वर हैं आप ही सुपूज्य हैं। आपके समान अन्य कौन है जो मेरा स्वामी हो सके ॥ ४८ ॥

मुरज. ।

चार्वस्यैव क्रमेजस्य तुंगः सायो नमन्नभात् ।
सर्वतो वक्त्रमेकास्यमंगं छायोनमप्यभात् ॥४९॥

चार्वेति—चारु शोभनम् । अस्यैव क्रमे पादे । अजस्य सर्वज्ञस्य। तुग महान् । साय: सपुण्य । नमन् स्तुतिं कुर्वन् । अभात् शोभते स्म । विरुद्धमेतत् । नमन् सन् कथ तुंग' । अस्य पुनरजस्य नमन्नपि तुग' । अत. एवकार' अत्रैव । सर्वत समतत' । वक्त्र मुख । एकमास्य यस्याङ्गस्य तदेकास्य एकमुखम् । अङ्ग शरीरम् । छायया ऊन छायोन छायारहितम् । अछायत्व ज्ञापित भवति । छायोनमपि अभात् शोभतेस्म । विरुद्धमेतत्—एकास्यमगमपि सर्वतो वक्त्र यद्येकास्य कथ सर्वतो वक्त्र, अथ सर्वतो वक्त्र कथमेकास्यम् । एतदपि विरुद्धम्—यदि छायोन कथमभात्, अथाभात् कथ छायोनम् । अन्यत्र विरुद्ध अस्य पुन' सर्वज्ञस्य न विरुद्धम् । घटत एव सर्वं यतश्च विरुद्धालङ्कृतिरियम् । किमुक्त भवति-अनेन व्याजेन माहात्म्य प्रदर्श्यास्य स्तवन कृतं भवति ॥४९ ॥

हे भगवन् ! हे सर्वज्ञ ! आपके चरणकमलोंको जो नमस्कार करता है वह अतिशय पुण्यवान् उच्च और सुशोभित होजाता है, यद्यपि यह बात परस्पर विरुद्ध है जो नमस्कार करता है वह उच्च नहीं हो सकता और जो उच्च है वह नम्रीभूत नहीं हो सकता परन्तु आपमे दोनो ही बाते संघटित होती हैं जो आपके चरण कमलोंमें नम्रीभूत होता है वह अवश्य ही उच्चपदवीको प्राप्त होता है । हे प्रभो ! यद्यपि आपके शरीरमें एक ही मुख है तथापि वह चारों ओरसे दिखता है । यद्यपि आपका शरीर

छायारहित है तथापि वह अतिशय सुशोभित होता है । ये दोनो बाते भी परस्पर विरुद्ध है । एक मुख चारों ओरसे नहीं दिख सकता और चारोओरसे दिखनेवाला मुख एक नहीं हो सकता । जो शरीर छायारहित है वह सुशोभित नहीं हो सकता, जो सुशोभित होता है वह छायारहित नहीं हो सकता परन्तु हे प्रभो वासुपूज्य ! आपमें ये सब विरुद्ध विषय भी सघटित होते हैं ॥ ४९ ॥

इति वासुपूज्यस्तुति ।

इष्टपादमुरजबन्ध ।

क्रमतामक्रमं क्षेमं धीमतामर्च्यमश्रमम् ।
श्रीमद्विमलमर्चेमं वामकामं नम क्षमम् ॥५०॥

क्रमेति—क्रमता अप्रतिबन्धेन व्रजत । क्रमतां वा । अक्रम युगपत । क्षेम कुशल सुखम । धीमता बुद्धिमताम । कर्त्तरि ता । अर्च्य पूज्यम् । अश्रम श्रमरहित अक्लेशम । श्रीमाश्चासौ विमलश्च श्रीमद्विमल अतस्त श्रीमद्विमल परमतीर्थकर त्रयोदशम् । अर्च क्रियापद लोडन्तम् । इम प्रत्यक्षवचनम । वामै प्रधानै काम्यते इष्यते इति वामकाम अतस्त वामकामम् । नम च चशब्दोऽनुक्तो द्रष्टव्य । क्षम समर्थ क्रोधादिरहितमित्यर्थ । एतदुक्त भवति—श्रीमद्विमल सर्वविशेषणविशिष्ट अर्च नम च धीमतामर्च्य क्षेम क्रमता अक्रम सर्वेषा प्रणामादेव शान्तिर्भवति ॥ ५० ॥

हे भव्यजनो इन्द्र चक्रवर्ति आदि प्रधान पुरुष भी जिनकी सेवा करनेकी सदा इच्छा रखते है, जो क्रोधादिरहित हैं, अतिशय शोभायमान है ऐसे इन विमलनाथ स्वामीको पूजो

नमस्कार करो। इनको नमस्कार करने और पूजनेसे परिश्रम रहित उसी क्षणमे ऐसा मोक्षरूप सुख मिलता है कि जिसको बुद्धिमान भी पूज्य समझते है ॥ ५० ॥

व्यक्षरपादाभ्यासयमक ।

ततोऽमृतिमतामीमं तमितामतिमुत्तमः ।
मतोऽमातातिता तोत्तुं तमितामतिमुत्तमः ॥५१॥

ततोमृतीति—द्वितीयपादोऽभ्यस्त पुनरुक्त तकारमकारयोरेवास्तित्व नान्यषाम् यतस्ततो भवत्यय द्व्यक्षरपादाभ्यासयमक. ।

विमल इत्यनुवर्त्तते । ततस्तस्मादह विमल अमृति मरणवर्जितम् । अतामि सतत गच्छामि । इम प्रत्यक्षवचनम् । तामिता विनाशिता अमति' अज्ञान येनासो तामितामति त तामितामतिम् । उत्तम. प्रधान. युतस्त्वमिति सर्वत्र सम्बन्ध । मत पूजित । अमाता अहिसक' । अतिता सततगतिरहमिति सम्बन्धः । तोत्तु प्रेरितुम् । तमिता अक्षमस्वरूपम् । अति पूज्या मुत् हर्ष. यस्यासौ अतिमुत्, सर्वे इमे अति मुद, एतेषा मध्ये अयमतिशयेन अतिमुत् अतिमुत्तम. । किमुक्त भवति—यतो भवत' प्रणामादक्रम क्षेम क्रमते स्तोतृणाम् ततोऽहमुत्तमः सन् अतिमुत्तम स्न मत अमाता अतिताह तोत्तु तामिता क्लेशितु अतामि विमल अमृतिम् ॥ ५१ ॥

हे विमलनाथ आप जन्ममरणरहित हैं, आपने समस्त अज्ञानको दूरकर केवलज्ञान प्राप्त किया है, आप सर्वोत्तम और सर्वपूजित हैं । अहिंसक अर्थात् अहिसाके प्रतिपादन करनेवाले हैं और मैं चतुर्गतियोमें निरतर परिभ्रमण करने

वाला हूं। हे प्रभो! आपको प्रणाममात्र करनेसे तत्क्षणमें ही कल्याण होता है इसलिये मैं भी अत्यन्त हर्षित होकर आपकी शरण लेता हूं॥ ५१॥

अक्षरद्वयविरचितसमुद्गयमकः।

नेतानतनुतेनेनोनितान्तं नाततो नुतात्।
नेता न तनुते नेनो नितान्तं ना ततो नुतात्॥५२॥

नेतेति—यादृग्भूत पूर्वार्द्धं पश्चार्द्धमपि तादृग्भूतमेव। तकारनकारयोरेवास्तित्वं नान्येषाम्। अत एवंभूतः।

न प्रतिषेधः। इतान् प्राप्तान्। अतनुते अशरीरित्वे लैतलै तस्य (?) विकल्पेन आडागमः। न विद्यते एनः पापं यस्यासौ अनेनाः तस्य सम्बोधनं हे अनेनः। अनितान्तं क्लेशरहितं यथा भवति। न अततः न सदा गच्छतः पूर्वोपि न शब्दः अत्रैवाभिसम्बन्धनीयः तेन किमुक्तं भवति—न न अततः अतत एव। द्वौ प्रतिषेधौ प्रकृतमर्थं गमयतः। नुतात् प्रणुतात्। नेता नायकः। न तनुते महान् संपद्यते, न अत्रापि पूर्ववत् सम्बन्धः। न न तनुते किन्तु तनुत एव। इनः स्वामी सन्। नितान्तं अत्यर्थं। ना पुरुषः। ततः तस्मात्। नुतात् नुयात। तातङन्तं क्रियापदम्। किमुक्तं भवति—इतान् प्राप्तान् न न अततः संसारिणः अतनुते अशरीरित्वे सिद्धत्वे तनुते विस्तारयति नायकः स्वामी य प्रणामादेतो। अत त ना नुतात्॥ ५२॥

हे प्रभो! विमलनाथ! आप पापरहित हैं, आपको जो नमस्कार करता है वह सबका स्वामी और नायक हो जाता है। हे प्रभो इस पंचपरावर्तनरूप संसारमें निरंतर परिभ्रमण

करनेवाले जो जीव आपकी शरण लेते हैं वे विना किसी क्लेश के सिद्धत्वपर्यायको अवश्य प्राप्त होते हैं । इसलिये भो भव्यजन ! ऐसे इन विमलनाथ स्वामीको तुम भी नमस्कार करो ॥ ५२ ॥

चक्रश्लोक ।

नयमानक्षमामान न मामार्यार्त्तिनाशन ।
नशनादस्य नो येन नये नोरोरिमायन ॥५३॥

नयमेति—नयमानक्षम पूज्यमानक्षम नयमाना क्षमा यस्यासौ नयमानक्षम, तस्य सम्बोधन हे नयमानक्षम । न विद्यते मान उद्धतिः परिमाण वा यस्यासावमान तस्य सम्बोधन हे अमान । न प्रतिषेधवचनम् मा अस्मद इवन्तस्य रूपम् । आर्याणा साधूना आर्त्तिः पीडा ता नाशयती त्यार्यार्त्तिनाशन कर्तरि युट् बहुलवचनात् । ततः हे आर्यार्तिनाशन । नशनात् विनाशात् जातिजरामरणेभ्य इत्यर्थः । अस्य उत्सारय । असु-क्षेपणे इत्यस्य धो लोडन्तस्य रूपम् । नो प्रतिषेधः । येन कारणेन नये पूजामह लभे संमाननेय विधि । न नो प्रतिषेधवचने अत्र सम्बन्धनीये । न नो नये किन्तु नये एव । द्वौ प्रतिषेधौ प्रकृतमर्थं गमयत. । न प्रतिषेधे । हे उरो महन् । अरिमाय अरिहिंसक । अरीन् अन्त.शत्रून् मिनाति हन्तीति अरिमाय' तत हे अरिमाय । पूर्वोक्तोपि न अत्र सम्बन्धनीय । हे न न अरिमाय । किमुक्त भवति हे नयमानक्षम अमान आर्य्यार्तिनाशन न न अरिमाय मा विनाशात् अस्य अपनय । येन न नो नये अह । येन पूजामह लभे इत्यर्थः ॥ ५३ ॥

हे भगवन् विमलनाथ ! आपकी क्षमा सर्वपूज्य है । आप अहंकाररहित हैं । सज्जनोंके दुखोंको दूर करनेवाले हैं ।

क्रोधादि अंतरंग शत्रुओंको नाश करनेवाले है, पूज्य हैं। हे प्रभो ! जन्मजरामरणसे मेरी रक्षा कीजिये जिससे कि मैं भी उत्तम पूज्यस्थानको प्राप्त हो जाऊं ॥ ५३ ॥

इति विमलनाथस्तुतिः ।

गूढस्वेष्टपादचक्रश्लोकः ।

वर्णभार्यातिनन्द्याव वन्द्यानन्त सदारव ।
वरदातिनतार्य्याव वर्य्यातान्तसभार्णव ॥ ५४ ॥

वर्णेति--आत्मन इष्टपाद सोन्येषु पादेषु गुप्यते यत । वर्णेन शरीरप्रभया भाति शोभते इति वर्णभ शरीरकान्त्युत्कट इत्यर्थ तस्य सम्बोधन हे वर्णभ । आर्य्य पूज्य ' अतिनन्द्य सुष्ठुसमृद्ध । अव रक्ष । लोडन्तस्य रूप क्रियापदम् । वन्द्य देवासुरैराभिवन्द्य । हे अनन्त चतुर्दशतीर्थंकर । सन् शोभन आरव. वाणी सर्वभाषात्मिका यस्यासौ सदारव तस्य सम्बोधन हे सदारव । वरद इष्टद कामदायक । अति शोभन नता प्रणता अतिनता· अतिनताश्च ते आर्याश्च अतिनतार्य्या तान् अवति रक्षतीति अतिनतार्याव तस्य सम्बोधनं हे अतिनतार्याव । वर्य प्रधान । सभा एव अर्णव· समुद्र· सभार्णव अतान्त· अखिन्न· अक्षुभित सभार्णव· समवसृतिसमुद्र· यस्यासो अतान्तसभार्णव तस्य सम्बोधन हे अतान्तसभार्णव । किमुक्तं भवति हे अनन्त वर्णभादि विशेषणविशिष्ट अव पालय मामिति सम्बन्ध । अन्याश्च पालय ॥५४॥

हे पूज्य ! अनन्तनाथ ! आपके शरीरकी शोभा अति [illegible] है । [illegible] वैभव भी सर्वोत्तम है । सर्वभाषा-

स्वरूप आपकी वाणी भी अति प्रशसनीय है । आपका सम वसरणरूप समुद्र भी क्षोभरहित है । जो सज्जन आपको नमस्कार करते है आप उनकी अवश्य रक्षा करते है । हे प्रभो आप इन्द्रादिक देवोंसे भी पूज्य है, कामदायक है, श्रेष्ठ है अतएव हे देव आप मेरी रक्षा कीजिये ॥ ५४ ॥

गूढद्वितीयतृतीयान्यन्तरपादद्व्यक्षरमयश्लोक॰ ।

नुन्नानृतोन्नतानन्त नूतानीतिनुताननः ।
नतोनूनोनितान्तं ते नेतातान्ते निनौति ना॥५५॥

नुन्नेति—द्वितीयतृतीयान्यन्तरपादागुप्यते नकारतकारयोरेवास्तित्व नान्येषा यत॰ ।

नुन्न क्षित अनृत असत्य येनासौ नुन्नानृत तस्य सम्बोधन हे नुन्नानृत अनेकान्तवादिन् । उन्नत महन् । अनन्यसम्भूतैर्गुणैर्यदि भट्टारकस्य उन्नतत्व न भवति कस्यान्यस्य भविष्यति । अनन्त अपरिमाण भट्टारकस्य नाम वा । नूता स्तुता अनीतय सिद्धा यैस्ते नूतानीतय तैर्नुत स्तुत पूजित आनन मुख यस्य स्तोतु. असौ नतानीतिनुताननः स्तुतिकर्त्ता पुरुष । नत. प्रणत अनून अविकल. सम्पूर्णः । अनितान्त क्लेशरहित, क्लेशरहित यथा भवति क्रियाविशेषणमतत् । ते त्वा तुभ्यं वा । नेता नायकः इन्द्रादि । अतान्ते अतान्तनिमित्तम् । मोक्षनिमित्त-मित्यर्थः । निनौति प्रणौति । ना पुरुष चक्रधरादिः । किमुक्त भवति । हे अनन्त नुन्नानृत उन्नत नेता निनौति नेता नायकेपि सन् । विरुद्ध-मेतत् । यदि नायकः कथमन्यस्य प्रणाम करोति अथ प्रणाम करोति कथ नायक. । त्वा पुन॰ नौति नायकोपि मोक्षनिमित्तं ततस्त्वमेव नायकः ॥५५॥

हे देव अनन्तनाथ ! आप समस्त असत्यरूप एकान्तवाद

को छिपाकर सर्वथा सत्यस्वरूप अनेकान्तवादको प्रकाश करनेवाले हैं तथा सबसे अधिक उन्नत अर्थात् बड़े हैं । हे प्रभो ! सिद्धोंकी स्तुति करनेसे जिनके मुख्य पूज्य गिने जाते हैं और जो आपके चरणकमलोंमे सदा नम्रीभूत रहा करते हैं ऐसे इन्द्र चक्रवर्ती आदि सम्पूर्ण मुख्य मुख्य नायक पुरुष भी मोक्षकेलिये विना किसी आपत्तिके आपको नमस्कार करते हैं । यद्यपि यह बात परस्पर विरुद्ध है जो नायक है वह अन्य किसीको क्यों प्रणाम करेगा और जो प्रणाम करेगा वह नायक कैसे हो सकेगा ? परन्तु हे भगवन् आपको सब नमस्कार करते हैं इसलिये आप ही नायक हो सकते हो अन्य कोई नहीं ॥ ५५ ॥

इति अनन्तनाथस्तुति ।

गूढद्वितीयचतुर्थान्यतरपादोऽर्द्धभ्रम ।

त्वमवाध दमेनर्द्ध मत धर्मप्र गोधन ।
वाधस्वाशर्मनागो मे धर्म शर्मतमप्रद ॥५६॥

त्वमेति— त्वं युष्मदो रूपम् । न विद्यते वाधा यस्यासावबाधः तस्य सम्बोधन हे अवाध । दमेन उत्तमक्षमया ऋद्ध वृद्ध । मत पूजित । धर्मप्र उत्तम क्षमादिना आप्यायकपूरण । गोधन गौर्वणी धन यस्या सौ गोधन. तस्य सम्बोधन हे गोधन। वाधस्व विनाशय । अश दु.खम् । अनागः निर्दोष। मे मम । धर्म पञ्चदशतीर्थंकर । शर्म सुखम्। सर्वाणि इमानि शर्म्माणि एतेषा मध्ये अतिशयेन इमानि शर्माणि शर्मतमानि तानि प्रददाति य. सः शर्मतमप्रद. तस्य सम्बोधन हे शर्मतमप्रद ।

एतदुक्त भवति- हे धर्म अबाध दमेनर्द्ध मत धर्मप्र मोचन अनागः शर्मतमप्रद त्व मे अश बाधस्व ॥ ५६ ॥

हे धर्मनाथ भगवन् ! आप बाधारहित हो, उत्तम क्षमा के होनेसे वृद्ध गिने जाते हो, सबके पूज्य हो, उत्तमक्षमादिक दशप्रकारके धर्मको धारण करनेवाले हो, निर्दोष हो, मोक्ष रूप अतिशय उत्तम सुखको देनेवाले और दिव्यध्वनिरूप वाणीके स्वामी हो । हे प्रभो मेरा दुःख दूर कर दीजिये ॥५६॥

गतप्रत्यागतैकश्लोकः ।

नतपाल महाराज गीत्यानुत ममाक्षर ।
रक्ष मामतनुत्यागी जराहा मलपातन ॥ ५७ ॥

नतेति—क्रमपाठे यान्यक्षराणि विपरीत पाठेपि तान्येव । नतान् प्रणतान् पालयति रक्षतीति नतपाल तस्य सम्बोधन हे नतपाल । महान्तो राजानो यस्य स महाराज 'ट सान्त '[1] तस्य सम्बोधन महाराज । अथवा नतपाला महाराजा यस्यासौ नतपालमहाराज तस्य सम्बोधन नतपालमहाराज । मम गीत्यानुत अस्मत्स्तवेनन पूजित । अक्षर अनश्वर । रक्ष पालय । मा अस्मद्. इवन्तस्य रूपम । अतनुत्यागी अनल्पदाता । जराहा वृद्धत्वहीन । उपलक्षणमेतत् जातिजरामरणहीन इत्यर्थ । मल पाप अज्ञान पातयति नाशयतीति मलपातन· कर्तरि युट् बहुलवचनात् । तस्य सम्बोधन हे मलपातन । एतदुक्त भवति—हे धर्म नतपाल महाराज गीत्यानुत मम अक्षर जराहा मलपातन रक्ष मा अतनुत्यागी यतस्त्वम् ॥ ५७ ॥

---

१ जैनेन्द्रव्याकरणस्य ।

हे प्रभो धर्मनाथ ! जो आपके प्रति नम्रीभूत होते हैं उनके आप रक्षक हैं, अनेक राजा महाराजा आपकी सेवा करते हैं। आप अविनश्वर है, जन्ममरणजरारहित है, और अज्ञानरूपी पापको नाश करनेवाले हैं। हे प्रभो ! आप मेरे स्तोत्रोसे पूजित हुये हो और अनन्त विभूतिके देनेवाले हो इसलिये मेरी रक्षा कीजिये ॥ ५७ ॥

मुरजः ।

मानसादर्शसंक्रान्तं सेवे ते रूपमद्भुतम् ।
जिनस्यौदायि सत्त्वान्तं स्तुवे चारूढमच्युतम्॥५८॥

मानसेति—मन एव मानस चित्तमित्यर्थ· मानसमेवादर्शः दर्पणः मानसादर्शे मानसादर्शे सक्रान्त प्रतिबिम्बित मानसादर्शसक्रान्तम् । सेवे भजामि । ते तव । रूप शरीरकान्तिम् । अद्भुत आश्चर्यभूतम् । जिनस्य त्रैलोक्यनाथस्य । उदयि उदयान्वितम । सत शोभनस्य भावः सत्त्व, सत्त्वस्यान्त अवसान परमकाष्ठा सत्त्वान्तम् । स्तुवे वन्दे । च समुच्चये । आरूढ अव्यारूढ, अच्युत अहीनं अक्षरम् । च समुच्चयार्थं । जिनस्य रूप सेवेऽह स्तुवे च किंविशिष्ट रूप मानसादर्शसक्रान्तम् । पुनरपि किंविशिष्ट अद्भुत उदयि सत्त्वान्तमारूढ अच्युतमिति परमभाक्तिकस्य वचनम् ॥ ५८ ॥

हे देवाधिदेव ! त्रैलोक्यनाथ ! आपके शरीरकी कान्ति बड़ी ही आश्चर्यजनक है, शोभाकी तो पराकाष्ठा है विनाश रहित है (उसमे कोई किसी तरहकी कमी नही है) सदा उदयरूप तथा वृद्धिरूप है और मेरे चित्तरूपी दर्पणमें

प्रतिबिम्बित हो रही है। हे प्रभो! मैं नानाप्रकारसे उसकी सेवा करता हूं और स्तुति करता हूं ॥ ५८ ॥

मुरजः।

यतः कोपि गुणानुक्त्या नावाब्धीनपि पारयेत्।
न तथापि क्षणाद्भक्त्या तवात्मानं तु पावयेत् ५९

यत इति— यत. यस्मात्। कोपि कश्चिदपि। गुणान् जिनस्या-साधारणधर्मान्। उक्त्या वचनेन। नावा पोतेन। अब्धीन् समुद्रान्। अपि सभावने। पारयेत् प्लवताम्। न प्रतिषेधे। तथापि एवमपि। क्षणात् अक्षिसकोचात् समयाद्वा। भक्त्या सेवया। तव ते। आत्मान स्वम्। तु पुन। पावयेत् पवित्रीकुर्यात्। समुदायार्थ -यतो निश्चित चेता मम नावाब्धीनपि पारयेत् तव गुणाननन्तान् कश्चिदपि न पारयेत यद्यपि तथापि क्षणात भक्त्या तवात्मान तु पावयत्। कुतएतत् स्तुतिमाहात्म्यात् ॥ ५९ ॥

हे धर्मनाथ भगवन् मेरे हृदयमे पूर्ण विश्वास है कि यदि कोई चाहै तो नावोकेद्वारा समुद्रके पार हो सकता है परन्तु कोई भी पुरुष बचनोकेद्वारा आपके अनन्त गुणरूप समुद्रको पार नहीं पा सकता। यह बात निश्चित है तथापि हर कोई पुरुष आपकी भाक्तिकेद्वारा अपने आत्माको क्षणभर मे पवित्र कर सकता है। हे प्रभो आपकी स्तुतिका महात्म्य ही ऐसा है ॥ ५९ ॥

मुरजः।

रुचं बिभर्ति ना धीरं नाथातिस्पष्टवेदनः।
वचस्ते भजनात्सारं यथायः स्पर्शवेदिनः ॥ ६० ॥

रुचमिति—रुच दीप्तिं तेजः । बिभर्ति धरते । ना पुरुषः । धीर गभीर सावष्टम्भ यथा भवति क्रियाविशेषणमेतत् । हे नाथ स्वामिन् । अतिस्पष्टवेदन. अतिस्पष्ट विशद वेदन विज्ञान यस्यासावतिस्पष्टवेदन. । वच. वचनम् । ते तव । भजनात् सेवनात् । सार परमतत्त्वभूतम् । यथा इवार्थे । अयो लोहम् । स्पर्शवेदिन । सुवर्णभावकारिणः स्पर्शपाषाणस्य भजनात् सेवनात् । अस्य समुदायार्थ कथ्यते—हे नाथ ना रुच बिभर्ति ते भजनात् वचश्च सार धीर यथाभवति किं विशिष्टः सन्ना अतिस्पष्टवेदन । कथ ? दृष्टान्त प्रदर्शयति यथा अय स्पर्शवेदिन ॥ ६० ॥

हे स्वामिन् जैसे पारस नामक पाषाणके स्पर्श करनेमात्र से लोहा सुवर्ण हो जाता है और तेजको धारण करने लगता है इसीप्रकार आपकी सेवा करनेसे यह पुरुष भी अतिशय प्रत्यक्षरूप केवलज्ञानको प्राप्त करता हुआ परम तेजस्वी हो जाता है । और इसके वचन भी ससारमे सारभूत अर्थात् परम उत्कृष्ट और अतिशय गभीर हो जाते हैं ॥ ६० ॥

मुरजः ।

प्राप्य सर्वार्थसिद्धिं गां कल्याणेतः स्ववानतः ।
अप्यपूर्वार्थसिद्ध्येगां कल्याकृत भवान् युतः ॥ ६१ ॥

प्राप्येति— प्राप्य कृत्वा । सर्वार्थसिद्धिं विश्वकार्यनिष्पत्तिम् । गा पृथिवीम् । कल्याणेत कल्याणानि स्वर्गावतरणादीनि इत प्राप्त. कल्याणेत । स्ववान् आत्मवान् । अतः अस्मात् । अपि । अपूर्वार्थस्य केवलज्ञानादिचतुष्टयस्य सिद्धिः प्राप्तिः अपूर्वार्थसिद्धिः तया अपूर्वार्थसिद्ध्या

केवलज्ञानादिप्राप्त्या । इगां ईहा चेष्टां विहरणम् । हे कल्य समर्थ । अकृत कृतवान् । भवान् भट्टारकः । युतः युक्तः । समुदायार्थः—भवान् कल्याणेत. सन् पुनरपि आत्मवान् सन् प्राप्य सर्वार्थसिद्धिं गा अस्माद्भूर्भ अपूर्वार्थसिध्या युतोपि हे कल्य त्व तथापि चेष्टा विहरण अकृत अतः सत्यमेतत् " परार्था हि सता चेष्टा " ॥ ६१ ॥

हे समर्थ ! आप गर्भजन्मादि पंच कल्याणकको प्राप्त हुये हो । आपने अपने शुद्धस्वरूप आत्माकी प्राप्ति की है । तथा इस पृथिवीको ही सर्वार्थसिद्धि अर्थात् सम्पूर्ण कार्योंको सिद्ध करनेवाली बनादिया है । आप केवलज्ञानादि महा ऋद्धिके धारक हैं तथापि भव्यजीवोंके कल्याणार्थ विहार करते हो । अतएव यह वाक्य ठीक है कि ' परार्था हि सता चेष्टा ' अर्थात् सज्जनोके सम्पूर्ण कार्य दूसरोकेलिये ही होते हैं ॥ ६१ ॥

मुरजः ।

भवत्येव धरा मान्या सूद्यातीति न विस्मये ।
देवदेव पुरा धन्या प्रोद्यास्यति भुवि श्रिये ॥६२॥

भवतीति–भवति भट्टारके त्वयि । एव अवधारणम् । धरा पृथिवी मान्या पूज्या । सूद्याति उद्गच्छति प्रभवति । इति यस्मात् । न विस्मयेह न ममाश्चर्य्यम् । हे देवदेव देवाना देव देवदेव तस्य सम्बोधन हे देवदेव परमेश्वर । पुरा पूर्वमेव । धन्या पुण्या । प्रोद्यास्यति प्रोद्गमिष्यति प्रविष्यति । भुवि अस्मिन् लोके । श्रिये श्रीनिमित्तम् । समुदायेनार्थं कथ्यते-हे देव-देव सूद्याति भवति भगवति धरा मान्या भवतीति न विस्मयेहम् । यतः प्रोद्यास्यति भगवति पुरैव धन्या भुवि श्रीनिमित्तम् ॥ ६२ ॥

हे देवाधिदेव ! आपके जन्म लेनेसे ही यह पृथिवी पूज्य गिनी जाती है इसमें मुझे कुछ आश्चर्य नहीं होता है। क्योंकि आपके जन्म लेनसे पन्द्रह महीने पहले ही प्रतिदिन रत्नोंकी वर्षा होनेसे इस लोकमें यह पृथिवी धन्य गिनी जाती है। फिर भला जन्म लेनेसे क्यों न पूज्य मानी जायगी ॥ ६२ ॥

मुरजः ।

एतच्चित्रं पुरो धीर स्नपितो मन्दरे शरैः ।
जातमात्रः स्थिरोदार क्वापि त्वममरेश्वरैः ॥६३॥

एतदिति—एतत् प्रत्यक्षवचनम् । चित्र आश्चर्यम् । पुर पूर्वस्मिन काले । धीर गभीर । स्नापित अभिषेकित । मन्दर मेरुमस्तके । शरै पानीयै । जातमात्र उत्पत्तिक्षणे । स्थिर सावष्टम्भ । उदार दानशील महन । क्वापि एकस्मिन्नपि काले । त्व युष्मदो रूपम । अमरेश्वरै देवदेवेन्द्रै. । समुदायार्थ.—हे धीर मन्दरे शरै त्व स्नपित जातमात्रः सन् हे स्थिरोदार अमरेश्वरैः पुर क्वापि । चित्रमेतत्, कथ चित्रम् ? बालस्य अस्माभिर्मन्दरे क्वापि न दृष्ट यत तत आश्चर्यम् । अथवा एव चित्रमेतत् भट्टारके तीर्थे सर्वेपि प्राणिन स्नान्ति । कथ पुर. देवैर्मन्दरे स्नपितश्चोद्यमेतत् । अथवा यो भवादृश शरै स कथं स्नाति तथापि भवान् देवैः शरै पानीयै स्नापित चित्रमेतत् ॥ ६३ ॥

हे धीर ! उदार ! स्थिर ! आपके उत्पन्न होते ही समस्त देवों और इन्द्रोंने सुदर्शनमेरुके ऊपर क्षीरोदधि समुद्रके जलसे आपका अभिषेक किया यह बड़ा आश्चर्य है । हे प्रभो ! ऐसा आश्चर्य पहले कभी देखनेमें नहीं आया । बालक उत्पन्न होते ही सुदर्शन मेरु पर चढ़जाय, यह बात पहले

कभी देखनेमे नहीं आई इसलिये आश्चर्यजनक है । अथवा सम्पूर्ण ससारी प्राणी आपके चरणकमलोके सन्निकट आकर आपके चरणकमलोके प्रभारूप तीर्थमे स्नान करते हैं परन्तु यहा देवोंद्वारा आप ही स्नान कराये गये । यह भी बड़ा आश्चर्य है । अथवा आप ऐसे महा पुरुष, भला जलसे कैसे स्नान कर सकते हैं परन्तु देवोने जलसे ही आपका स्नान कराया यह भी बड़ा आश्चर्य है ॥ ६३ ॥

अनन्तरपादमुरज ।

तिरीटघटनिष्ठ्यूतं हारीन्द्रौघविनिर्मितम् ।
पदे स्नातः स्म गोक्षीरं तदेडित भगोश्चिरम् ।६४।

तिरीटेति—तिरीटानि मुकुटानि तान्येव घटा· कुम्भा तिरीटघटा तैर्निष्ठ्यूत निर्गमितं तिरीटघटनिष्ठ्यूतम् । देवेन्द्रचक्रधरादिमुकुट घटनिर्गतम् । हारि शोभनम् । इन्द्रौघविनिर्म्मित देवेन्द्रसमितिविरचितम् । इन्द्राणामोघ इन्द्रौघ तेन विनिर्म्मित कृत इन्द्रौघविनिर्म्मितम् । पदे पादौ । स्नात स्म स्नातवन्तौ । गोक्षीर रश्मिपयः । अथवा पदे पदनिमित्त स्नात· स्म स्नातवन्तौ गोक्षीरम् । तदा स्नानानन्तर सुरेन्द्रै प्रणामकाले । ईडित पूजित । भगो भगवन् । चिर अत्यर्थं सुष्ठुइत्यर्थ । किमुक्त भवति—हे भगवन् ईडित स्नानकाले ते पदे गोक्षीर स्नात स्म । कि विशिष्ट गोक्षीर तिरीटघटनिष्ठ्यूत हारीन्द्रौघविनिर्मितम् ॥ ६४ ॥

हे भगवन् ! हे पूज्य ! जब आपका अभिषेक हो चुका और सब लोगोंने आपके चरणकमलोंको प्रणाम किया उस समय इन्द्र चक्रवर्ती आदि उत्तम पुरुषोंके मुकुटरूपी घटसे

जो मनोहर किरणरूपी जल निकला था, हे प्रभो आपके चरणकमलोंने उसी जलसे स्नान किया । अर्थात् स्नान पहले पैरोंसे प्रारम्भ किया जाता है परन्तु आपके चरणकमलों का स्नान आपके स्नान कर चुकने पर हुआ और वह भी विचित्र जलसे ! यह बड़ा आश्चर्य है ॥ ६४ ॥

मुरज. ।

कुत एतो नु सन् वर्णो मेरोस्तेपि च संगतेः ।
उत क्रीतोथ संकीर्णो गुरोरपि तु संमतेः ॥ ६५ ॥

कुतइति—कुत कस्मात् । एत आगत । नु वितर्के । सन् शोभनः । वर्ण रूप दीप्तिस्तेजः । मेरो॰ मन्दरस्य । ते तव, अपि च कि ननु इत्यर्थ. । सगते सङ्गमात् मेलापकात् । उत वितर्के । । क्रीत॰ द्रव्येण गृहीत॰ । अथ अहोस्वित् । सकीर्ण. वर्णसकर: । गुरो॰ भर्तु । अपि तु उताहो । सम्मते आज्ञाया । किमुक्त भवति-मेरोर्योय सन् वर्णः स कुत॰ आगतः कि ते सगते॰ उत क्रीतः अथ सङ्कीर्ण । अपि तु गुरो॰ समुतेः । ननु निश्चितोस्माभिस्तवसमुते ॥६५॥

हे प्रभो ! हम लोगोंको अबतक संदेह था कि सुमेरु पर्वतका ऐसा सुन्दर रूप कहांसे आया ? क्या आपने वहां स्नान किया इसीसे उसका सुन्दर रूप हो गया ? अथवा प्रचुर द्रव्य देकर ऐसा सुन्दर रूप खरीदा गया ? अथवा किसी सुन्दर वस्तुका रूप लाकर इसमें मिला दिया गया ? परन्तु हे भगवन् ! अब हमें निश्चय होगया कि मेरुका यह सुन्दररूप और कहींसे नहीं आया केवल आपकी आज्ञा मात्रसे हो गया है ॥ ६५ ॥

अनन्तरपादमुरज ।

हृदि येन धृतोऽसीनः स दिव्यो न कुतो जनः ।
त्वयारूढो यतो मेरुः श्रिया रूढो मतो गुरुः ॥६६॥

हृदीति—हृदि हृदये । येन जनेन । धृतो विधृत । असि भवसि । इनः स्वामी इति कृत्वा । सः पूर्वोक्तः प्रतिपादक. । दिव्यः पुण्यवान् कृतार्थ इत्यर्थ. । न कुत. न कस्मात् । जनः भव्यलोकः । त्वया भट्टारकेण । आरूढ· अधिष्ठित. । यतो यस्मात् । मेरु. गिरिराज. श्रिया लक्ष्म्या । रूढः प्रख्यातः श्रीमान् जात. । मत· ज्ञात· । गुरुः महान् । एव सम्बन्ध· कर्त्तव्यः—हे भट्टारक त्व येन जनेन हृदि धृतो भवसि इन इति कृत्वा स जनः कुतो न दिव्य· किन्तु दिव्य एव । यतो मेरुरपि त्वयारूढः सन् श्रिया रूढः मतः गुरुश्च मतः ॥६६॥

हे भगवन् ! जो भव्यजीव आपको स्वामी मानकर अपने हृदयमें धारण करता है वह अवश्य ही पुण्यवान् हो जाता है । क्योंकि सुमेरुपर्वत केवल आपके चरणकमलोंके स्पर्श करनेमात्रसे ही श्रीमान् और महान् होगया ॥ ६६ ॥

इतिधर्मनाथस्तुति.

मुरज· ।

चक्रपाणेर्दिशामूढा भवतो गुणमन्दरम् ।
के क्रमेणेदृशा रूढाः स्तुवन्तो गुरुमक्षरम् ॥६७॥

चक्रेति—चक्रपाणेः चक्रवर्तिनः पूर्वराज्यावस्थाविशेषणमेतत् । दिशामूढा दिग्मूढा अविज्ञातदिशः । भवत. भट्टारकस्य । गुणमन्दर

गुणपर्वतम् । के किमो रूपम् । क्रमेण न्यायेन परिपाट्या । ईदृशा ईदृग्भूतेन । रूढा. प्रख्याता । स्तुवन्तो वन्द्यमानाः । गुरुं महान्तम् । अक्षरं अनश्वरम् । किमुक्त भवति—चक्रपाणेर्भवत. गुणमन्दर ईदृशा क्रमेण मुरजबन्धैश्चक्रवृत्तै स्तुवन्त रूढाः के नाम दिशामूढाः अपि तु न भवन्त्येव । किं विशिष्ट गुणमन्दरं गुरुं अक्षरम् ॥ ६७ ॥

हे प्रभो ! आप चक्रवर्ती है । जो पुरुष मेरे सदृश मुरजबध चक्रवृत्त आदि चित्रबद्ध स्तोत्रोंसे आपके अविनश्वर और महान् गुणरूपी मेरुपर्वतकी स्तुति करते है वे प्रसिद्धपुरुष क्या कभी दिशाभूल हो सकते हैं । अर्थात् कभी नहीं । अभिप्राय यह है कि जो प्रतिदिन मेरुपर्वतको देखता है उसे कभी दिग्भ्रम नही होसकता । क्योंकि यह बात सब कोई जानते हैं कि मेरुपर्वत सबओरसे उत्तरदिशामे ही रहता है । इसीप्रकार जो पुरुष भगवानके गुण स्मरण करते हैं वे कभी अज्ञानी नहीं रह सकते । वे केवलज्ञान पाकर अवश्य ही मुक्त होते है ॥ ६७ ॥

मुरज ।

त्रिलोकीमन्वशास्संगं हित्वा गामपि दीक्षितः ।
त्वं लोभमप्यशान्त्यंगं जित्वा श्रीमद्दिदीशितः॥६८॥

त्रिलोकीति—त्रिलोकी त्रयाणा लोकाना समाहार त्रिलोकी "राददितिडीविधि." ता त्रिलोकीम् । अन्वशा. अनुशास्तिस्म अनुशासितवान् । सगं परिग्रहम् । हित्वा त्यक्त्वा । गामपि पृथिवीमपि । दीक्षित' प्रव्रजित' । त्व युष्मदोरूपम् । लोभमपि सङ्गतचित्तमपि तृष्णामपि । अशान्त्यङ्ग अनुपशमनिमित्तम् । शान्ते' अङ्ग कारण शान्त्यङ्ग न शान्त्यङ्गं अशान्त्य

ङ्गम् । जित्वा विजित्य । श्रीमद्विदीशितः लक्ष्मीमद्ज्ञानीश्वरः । विदा मीशितः विदीशित. श्रीमाश्चासौ विदीशितश्च श्रीमद्विदीशितः । कि-मुक्त भवति—हे शान्तिभट्टारक त्व सगं हित्वा गामपि दीक्षितः सन् त्रिलोकीमन्वशा लोभमपि अशान्त्यग जित्वा श्रीमद्विदीशितः सन् ॥६८॥

हे प्रभो ! शान्तिनाथ ! आप सम्पूर्ण परिग्रह और समस्त पृथिवीको छोड़कर दीक्षित होगये तथापि आपका शासन (आज्ञा वा मत) तीनो लोकोंमें प्रचलित है । हे भगवन् ! आपने तृष्णा भी छोड़दी और अशान्ति अर्थात् क्लेश देनेके साधनभूत मोहनीय आदि कर्मोंको भी जीत लिया तथापि आप लक्ष्मीवान् और ज्ञानियोंके ईश्वर ही गिने जाते हो यह बडा आश्चर्य है ॥ ६८ ॥

मुरजः ।

केवलाङ्गसमाश्लेषबलाढ्य महिमाधरम् ।
तव चांगं क्षमाभूषलीलाधाम शमाधरम् ॥ ६९ ॥

केवलेति—केवल केवलज्ञानम् । अङ्ग शरीरम् । केवलमेव अङ्ग केवलाङ्ग केवलाङ्गेन समाश्लेष सम्बन्ध आलिङ्गन केवलाङ्गसमाश्लेष॰ नस्य तेन तदेव वा बल सामर्थ्य केवलाङ्गसमाश्लेषबल तेन आढ्य. परिपूर्ण केवलाङ्गसमाश्लेषबलाढ्यः तस्य सम्बोधन हे केवलाङ्गसमाश्लेष बलाढ्य । अथवा केवलाङ्गसमाश्लेषबलाढ्या महिमा केवलाङ्गसमाश्लेषब लाढ्यमहिमा ता धरतीति अगस्यैव विशेषणम् । महिमा माहात्म्य महिमा धरतीति महिमाधर माहात्म्यावस्थानम् । तव ते । च अवधारणेर्थे दृष्टव्यः । अङ्ग शरीरम् । क्षमैव भूषा यस्य तत् क्षमाभूषम् । लीलाना कमनीयाना धाम अवस्थान लीलाधाम । क्षमाभूष च तत् लीलाधाम

च तत् क्षमाभूषलीलाधाम । शमस्य उपशमस्य आधरः गौरव यस्मिन् तद् शमाधरम् । अङ्गमिति सम्बन्धः । समुच्चयार्थः-हे शान्तिभट्टारक केवलाङ्गसमाश्लेषबलाढ्य महिमाधर तव चाङ्गं किं विशिष्टं क्षमाभूष-लीलाधाम शमाधरम् । किमुक्त भवति-तवैवाङ्गमीदृग्भूत नान्यस्य । अत-स्त्वमेव परमात्मा इत्युक्त भवति ॥ ६९ ॥

हे देव ! आपका यह दिव्य शरीर केवलज्ञानसे सुशोभित है । अनन्त बलसे विभूषित है । बड़ी महिमाको धारण करने वाला है । सुन्दरताका स्थान है । उत्तमक्षमा ही इसका अलङ्कार है और शान्तरूपता ही इसका गौरव है । हे भगवन् ! ऐसा शरीर केवल आपका ही है अन्य किसीका नहीं हो सकता । अतएव हे देव ! आप ही परमात्मा हो सकते हैं ॥ ६९ ॥

मुरजः ।

त्रयोलोकाः स्थिताः स्वैरं योजनेऽधिष्ठिते त्वया ।
भूयोऽन्तिकाः श्रितास्तेऽरं राजन्तेऽधिपते श्रिया ॥७०॥

त्रय इति—त्रयोलोकाः भवनवासिव्यन्तरज्योतिष्ककल्पवासिमनुष्य-तिर्यञ्च । स्थिताः स्वैरं स्वेच्छया । योजने सगव्यूतियोजनचतुष्टये । अधि-ष्ठिते अध्यासिते । त्वया युष्मदो भान्तस्य रूपम् । भूयः बाहुल्येन पुनरपि वा । अन्तिकाः समीपस्थाः । श्रिताः आश्रिताः । ते तव । अरं अत्य-र्थम् । राजन्ते शोभन्ते । अधिपते परमात्मन् । श्रिया लक्ष्म्या । समुच्च-यार्थः-हे भट्टारक त्वया अधिष्ठिते योजनमात्रे त्रयोलोकाः स्वैरं स्थिताः भूयोऽन्तिकाः श्रिताः सन्तः ते अधिपते श्रिया अरं राजन्ते ॥ ७० ॥

हे भगवन् ! शान्तिनाथ ! जिस समवसरण मे आप विराजमान होते हैं उसकी लम्बाई चौड़ाई केवल साढ़े चार योजन

है परन्तु उतने ही स्थानमें भवनवासी, व्यंतर, ज्योतिष्क, कल्पवासी मनुष्य, तिर्यंच आदि तीनोंलोकोंके जीव स्वच्छंदता पूर्वक बैठ सकते हैं । और जो जीव आपके समीप आकर आपका आश्रय लेते हैं वे अवश्य ही आपकी ऐसी उत्कृष्ट लक्ष्मीसे सुशोभित होते हैं । अर्थात् यह आपका अपरिमित माहात्म्य है कि आपके साढ़ेचार योजनके ही समवसरणमें तीनों लोकोंके जीव आश्रय पा लेते हैं । और जो जीव आपके समवसरणका आश्रय लेते हैं वे अवश्य ही आपके सदृश पूज्य हो जाते हैं ॥ ७० ॥

मुरज ।

परान् पातुस्तवाधीशो बुधदेव भियोषिताः ।
दूराद्धातुमिवानीशो निधयोवज्ञयोज्झिताः ॥७१॥

परेति—परान् पातु अन्यान् रक्षकस्य । तव ते । अधीशः स्वामिन. । बुधाना पण्डिताना देव. परमात्मा बुधदेवः तस्य सम्बोधनं हे बुधदेव सत्यपरमात्मन् । भिया भयेन । उषिता. स्थिताः 'वस् निवासे इत्यस्य धो. क्तान्तस्य कृताजित्वस्य रूपम्' । दूरात् दूरेण हातुमिव त्यक्तुमिव । अनीश. असमर्थाः निधय. निधानानि । अवज्ञयोज्झिताः अनादरेण त्यक्ता । अस्य एवं सम्बन्ध· कर्त्तव्य·—हे देवदेव परान् पातु. तवाधीश त्वया निधयोऽवज्ञया उज्झिताः भिया दूरेण उषिता. ता हातुमिव अनीशाः ॥ ७१ ॥

हे भगवन् ! आप पंडितोंके भी देव अर्थात् परमात्मा हैं भव्य जीवोंके रक्षक और सबके स्वामी हैं । हे प्रभो ! आपने नौ निधि और चौदह रत्न बड़े तिरस्कारसे अर्थात् तुच्छ

समझ कर छोड़ दिये । और जो क्रोधादिक अंतरंगशत्रु स्वयं असमर्थ थे वे मानो आपको छोड़नेकेलिये ही डर कर दूर जा खड़े हुये । अर्थात् क्रोधादिक अंतरंग परिग्रह तो स्वयं भाग गये और निधिरत्न आदि बहिरंग परिग्रह आपने छोड़ दिये । अतएव हे प्रभो ! निष्परिग्रह परमात्मा आप ही हो ॥ ७१ ॥

पादादियमकश्लोकः ।

समस्तपतिभावस्ते समस्तपति तद्विषः ।
संगतोहीन भावेन संगतो हि न भास्वतः ॥७२॥

समस्तेति—समस्तपतीति प्रथमपादे यद्वाक्य तद्द्वितीयपादेपि पुनरुच्चरित । सगतोहीनभेति तृतीयपादे यद्वाक्य तच्चतुर्थपादेपि पुनरुच्चरितम् यतः तत. पादादियमक ।

समस्ताना निरवशेषप्राणा पतिभाव स्वामित्व समस्तपतिभाव विश्वपतित्वम् । ते तव । सम समान । तपति सन्तापयति । तद्विष तस्य समस्तपतिभावस्य द्विषः शत्रवः तदद्विषः तान् तद्द्विष तच्छत्रून् । हे सगतोहीन परिग्रहच्युत । भावेन स्वरूपेण । सगतः सश्लिष्ठ । हि स्फुटम् । न प्रतिषेधे । भास्वत दिनकरस्य । समुदायस्यार्थः—हे सगतोहीन समस्तपतिभावस्ते समोपि तथापि तपति तद्द्विष यस्मात् तत. भास्वतो भावेन न सगतो हि स्फुटम् ॥ ७२ ॥

हे भगवन् यद्यपि आप भी समस्त पति अर्थात् संपूर्ण जगतके स्वामी हैं और सूर्य भी समस्तपति अर्थात् ससारको प्रकाश करनेवाला स्वामी है । अथवा सूर्य समःतपति अर्थात संसारको समानरीतिसे सतप्त करता है । किन्तु हे भगवन् ! वह आपकी समानता कदापि नही कर सकता । क्योकि आपने

रागद्वेष अथवा अपने कर्मरूप शत्रुवोंको सर्वथा नष्ट करदिया और सूर्य अपने अधकारादि शत्रुओंको नष्ट कदापि नहीं करस-कता क्योंकि रात्रिमें अथवा गुफा आदिमे अंधकारका उदय रहता ही है । इसलिये हे परिग्रहरहित भगवन् ! सूर्यके साथ आपके स्वरूपकी समानता करना सर्वथा असंगत है ॥ ७२ ॥

मुरज ।

नयसत्त्वर्त्तवः सर्वे गव्यन्ये चाप्यसंगताः ।
श्रियस्ते त्वयुवन् सर्वे दिव्यर्ध्या चावसंभृताः॥७३॥

नयेति—नया. नैगमादय· । सत्त्वा अहिनकुलादय. । ऋतवः प्रावृट् प्रभृतय । नयाश्च सत्वाश्च ऋतवश्च नयसत्त्वर्त्तव एते सर्वे परस्पर विरुद्धा । सर्वे समस्ता । गवि पृथिव्याम् । न केवलमेते किन्तु अन्ये चापि ये विरुद्धा. । असगता परस्परवैरिण. । श्रिय. माहात्म्यात् । ते तव । तु अत्यर्थे । अयुवन् सगच्छन्तेस्म । यु मिश्रणे इत्यस्य धो· लङ्-न्तस्य रूपम् । सर्वे विश्वे । दिव्यर्ध्या च दिवि स्वर्गे भवा दिव्या, दिव्या चासौ ऋद्धिश्च दिव्यर्द्धि· तया दिव्यर्ध्या देवकृतव्यापारेणेत्यर्थ. । अव-सभृता निष्पादिताः कृता इत्यर्थ । किमुक्त भवति-हे शान्तिनाथ ते श्रिय तव माहात्म्यात् गवि पृथिव्या नयसत्त्वर्त्तवः सर्वे अन्ये चाप्य-सगता एते सर्वे अत्यर्थ अयुवन् सगतीभूता केचन पुनर्दिव्यर्ध्या च अवसभृता संगतीकृता एतदेव तव माहात्म्यम् नान्यस्य ॥ ७३ ॥

हे प्रभो ! नैगम सग्रह आदिक नय, अहि नकुल कुत्ता बिल्ली आदि प्राणी और बसन्त ग्रीष्म आदि ऋतुये सब परस्पर विरुद्ध हैं, एक दूसरेके विरोधी है परन्तु हे प्रभो ! आपके माहात्म्यसे ये सब परस्परविरोधी पदार्थ एक साथ होकर इस

पृथिवी पर विचरते हैं इतना ही नहीं किन्तु इस संसारमे जो जो परस्पर विरुद्ध पदार्थ हैं वे सब केवल आपके ही माहात्म्य से इकट्ठे होकर विचरते हैं और इनमेंसे कितने ही जीव अणिमा महिमा आदि दिव्य ऋद्धियोंसे विभूषित अर्थात् देव इन्द्र आदि हो जाते हैं। हे देव ! यह केवल आपका ही माहात्म्य है अन्य किसीका ऐसा माहात्म्य नहीं हो सकता ॥ ७३ ॥

मुरजः ।

तावदास्व त्वमारूढो भूरिभूतिपरंपरः ।
केवलं स्वयमारूढो हरिर्भाति निरम्बरः ॥ ७४ ॥

तावदिति—तावत् तद वत्वं तस्य कृतात्वस्य रूपम् । आस्व तिष्ठ। आस उपवेशने इत्यस्य धोर्लोडन्तस्य प्रयोग. । तावदास्वेति किमुक्त भवति तिष्ठ तावत् । त्व युष्मदो रूपम् । आरूढः प्रख्यात॰ । भूरिभूति-परपर. भूरयश्च ता भूतयश्च भूरिभूतय॰ तासा परपरा यस्यासौ भूरिभूति-परपर: बहुविभूतिनिवास इत्यर्थ. । केवलं किन्तु इत्यर्थ॰ । स्वयमारूढ स्वेनाध्यासित. । हरि: सिंह । भाति शोभते । निरम्बर॰ वस्त्ररहित: । किमुक्त भवति- हे भट्टारक त्व तावदास्व भूरिभूतिपरपर: निरम्बर इति कृत्वा यस्त्वारूढ: ख्यात. स: किन्तु त्वयारूढ. हरिरपि भाति त्व पुन शोभसे किमत्र चित्रम् ॥ ७४ ॥

हे प्रभो ! यद्यपि आप अंतरंग बहिरंग आदि अनेक विभू-तियोंसे विभूषित हो तथापि निरम्बर अर्थात् वस्त्ररहित कहलाते हो । इसलिये आपको सुशोभित कहना अनुचित जान पड़ता है। किन्तु यह बात सवथा निश्चित है कि जिस सिंहासनपर आप विराजमान होते हो वह सिंहासन अतिशय सुशोभित हो

जाता है । अभिप्राय यह है कि जब केवल आपके विराजमान होनेसे ही सिंहासन परम सुशोभित हो जाता है तब आप सुशोभित होते हो इसमे आश्चर्य ही क्या है ॥ ७४ ॥

मुरजः ।

नागसे त इनाजेय कामोद्यन्महिमार्दिने ।

जगत्त्रितयनाथाय नमो जन्मप्रमाथिने ॥ ७५ ॥

नागेति—नागसे[१] अविद्यमानापराधाय । नञ् प्रतिरूपकोयमन्यो नकार स्ततो नञो नित्यमनादेशो न भवति । ते तुभ्यम् । इन स्वामिन् । अजेय अजय्य । उद्यती चासौ महिमा च उद्यन्महिमा कामस्य स्मरस्य उद्यन्महिमा तामर्दयति हिंसयतीत्येवंशील कामोद्यन्महिमार्दी तस्मै कामोद्यन्महिमार्दिने रागोद्रेकमाहात्म्यहिंसिने । जगत्त्रितयनाथाय जगता त्रितय जगत्त्रितय जगत्त्रितयस्य नाथः स्वामी जगत्त्रितयनाथः तस्मै जगत्त्रितयनाथाय त्रिभुवनाधिपतये । नमः झि संज्ञकोयं शब्दः पूजावचनः । जन्म प्रमाथिने जन्म ससार. तत् प्रमथ्नाति विनाशयतीति जन्मप्रमाथी तस्मै जन्मप्रमाथिने जन्मविनाशिने । समुदायार्थः- हे शान्तिनाथ इन अजेय ते तुभ्य नम । कथंभूताय तुभ्य नागसे कामोद्यन्महिमार्दिने जगत्त्रितयनाथाय जन्मप्रमाथिने ॥ ७५ ॥

हे स्वामिन् ! हे अजेय ! आप निष्पाप हैं, संसारमें चारों ओर फैली हुई कामदेवकी महिमाको नाश करनेवाले हैं, तीनो लोकोंके स्वामी हैं और जन्ममरणरूप संसारको नाश करनेवाले हैं । हे देव इन उपर्युक्त गुणोंके धारक शान्तिनाथ भगवान ! मैं आपकेलिये बार २ नमस्कार करता हूं ॥ ७५ ॥

---

१ आगः पाप न विद्यते आग यस्यासौ नागाः तस्मै नागसे ।

मुरज॰। श्लोकद्वितयम्।

रोगपातविनाशाय तमोनुन्महिमायिने।
योगख्यातजनार्च्याय श्रमोच्छिन्मंदिमासिने ॥७६॥

रोगेति—श्लोकद्वितयम्। अयमेव श्लोको द्विवार॰ पठनीयो द्विधा व्याख्येयश्चेति कृत्वा श्लोकयमक इति भाव.।

रोगा॰ व्याधय॰ पाताः पातकानि कुत्सिताचरणानि, रोगाश्च पाताश्च रोगपाताः तान् विनाशयतीति रोगपातविनाश तस्मै रोगपातविनाशाय। बहुलवचनात् कर्त्तरि अड् घञ् वा। तम॰ अज्ञान तत् नुदतीति तमोनुत् अज्ञानहन्तेत्यर्थ। महिमान माहात्म्य पूजा अयते गच्छत्येवंशील 'शीलार्थे णिन्' महिमायी। तमोनुचासौ महिमायी च तमोनुन्महिमायी तस्मै तमोनुन्महिमायिने। योगेन ध्यानेन शुभानुष्ठानेन ख्याता प्रख्याता योगख्याता॰ योगख्याताश्च ते जनाश्च योगख्यातजना योगख्यातजनाना अर्च्या पूजा सत्कार यस्यासौ योगख्यातजनार्च्य॰ गणधरादिपूज्य इत्यर्थ। अथवा योगख्यातजनैरर्च्य. इति योगख्यातजनार्च्य तस्मै योगख्यातजनार्च्याय। श्रम स्वेद॰ त उच्छिनत्ति विदारयतीति श्रमोच्छित। मन्दिमा मृदुत्व सर्वदयास्वरूप तस्मिन् आस्ते इति मन्दिमासी। श्रमोच्छिच्चासौ मन्दिमासी च श्रमोच्छिन्मन्दिमासी तस्मै श्रमोच्छिन्मन्दिमासिने। इन ते नमः इत्येतदनुवर्त्तते। ते: एवमभिसम्बन्ध॰ कर्त्तव्य –हे शान्तिभट्टारक इन स्वामिन् ते तुभ्य नमोस्तु किं विशिष्टाय तुभ्य रोगपातविनाशाय पुनरपि कि विशिष्टाय तमोनुन्महिमायिने पुन॰ योगख्यातजनार्च्याय श्रमोच्छिन्मन्दिमासिने॥ ७६॥

हे स्वामिन् शान्तिनाथ! आप अनेक रोगोंके नाश करने वाले है। अनेक पापोंके दूर करनेवाले और अज्ञानरूपी अधकार

को विनाश करनेवाले हैं । आपकी महिमा जगत्पूज्य है । योगियोंमें प्रसिद्ध ऐसे गणधरादि देव भी आपकी पूजा करते हैं । प्राणीमात्रपर दया दिखलाना आपका स्वभाव है । स्वेद खेद निद्रा आदि अठारह दोषोंसे आप रहित हैं । हे प्रभो ! ऐसे आपके लिये मैं बार २ नमस्कार करता हूं ॥ ७६ ॥

मुरज ।

रोगपातविनाशाय तमोनुन्माहिमायिने ।
योगख्यातजनार्चायः श्रमोच्छिन्मन्दिमासिने ७७

रोगपेति—रोग भङ्ग. परिभव त पातयति घातयतीति 'कर्मण्यण्' रोगपातः । वि विनष्ट ध्वस्त नाश· ससारपर्यायो यस्य देवविशेषस्यासौ विनाशः । रोगपातश्चासौ विनाशश्च रोगपातविनाश· तस्मै रोगपातविनाशाय । तम तिमिर अलोकाकाश वा, कुत —' अपोहः शब्दलिङ्गाभ्या यत· ' तम शब्देन किमुच्यते आलोकाभाव कस्मिन् अत आह अलोकाकाशे, ततस्तम शब्देन अलोकाकाशस्य ग्रहणम् । नुत् प्रेरण अथवा चतुर्गतिनिमित्त यत्कर्म्म तत् नुत् इत्युच्यते तादर्थ्यात्ताच्छब्द्य भवति । महि· पृथिवीलोक. जीवादिद्रव्याणि इत्यर्थ इकारान्तोपि महिशब्दो विद्यते । तमश्च नुञ्च महिश्च तमोनुन्मह्य ता· मिनाति परिच्छिनत्तीति तमोनुन्महिमायी तस्मै तमोनुन्महिमायिने । य यद· वान्तस्य रूपम् । अग. पर्वत. ख्यात प्रख्यातः प्रधानः,अगश्चासौ ख्यातश्च अगख्यात. मन्दर इत्यर्थ । जनाना इन्द्रादीना अर्चा पूजा जनार्चा, अगख्याते जनार्चा अगख्यातजनार्चा, ता अयते गच्छतीति

---

१ महि सर्वसहा मही इति वैजयन्ती ।

अगख्यातजनार्चाय: । श्रम: क्लेश: उच्छित् उच्छेद. विनाश: । मान्दिमा जाड्य मूर्खत्वम्, श्रमश्च उच्छिच्च मन्दिमा च श्रमोच्छिन्मन्दिमानः तान् अस्यति क्षिपतीति श्रमोच्छिन्मन्दिमासी तस्मै श्रमोच्छिन्मन्दिमासिने । किमुक्त भवति—अगख्यातजनार्चाय: य: स: त्व हे शान्तिभट्टारक अतस्तुभ्य नमोस्तु । किं विशिष्टाय तुभ्य रोगपातविनाशाय तमोनुन्म-हिमायिने श्रमोच्छिन्मान्दिमासिने ।। ७७ ।।

हे प्रभो शान्तिनाथ ! आप आत्माका पराभव करनेवाले कर्मसमूहको घात करनेवाले हैं, संसारकी नर नारकादि पर्यायो से रहित हैं, इस षट् द्रव्यात्मक पृथिवीलोक अर्थात् लोकाकाश अलोकाकाश और चतुर्गतियोंके कारणभूत शुभाशुभ कर्मोंको जाननेवाले अथवा प्रकाश करनेवाले हैं, तथा क्लेश, विनाश, मूर्खता आदि दुर्गुणोंको सर्वथा नाश करनेवाले हैं । हे देव ! मेरु पर्वत जैसे मनोहर स्थानपर इन्द्रादिक देवोंने भी आपकी पूजा की है । अतएव हे प्रभो ! आपकेलिये मेरी बार २ नम-स्कार हो ।। ७७ ।।

मुरजः ।

प्रयत्येमान् स्तवान् वश्मि प्रास्तश्रान्ताकृशार्त्तये ।
नयप्रमाणवाग्रश्मिध्वस्तध्वान्ताय शान्तये ॥ ७८॥

प्रयत्येति—प्रयत्य प्रयस्य प्रकृत्य । इमान् एतान् । स्तवान् स्तुतीः । वश्मि ब्रूमि । कृशा तन्वी न कृशा अकृशा महती । अर्त्ति. पीडा अकृशा चासौ आर्त्तिश्च अकृशार्त्तिः । श्रान्ता: दु:खिता: । श्रान्ताना अकृशार्त्ति: श्रान्ताकृशार्त्ति: । प्रास्ता ध्वस्ता श्रान्ताकृशार्त्ति-र्येनासौ प्रास्तश्रान्ताकृशार्त्ति: तस्मै प्रास्तश्रान्ताकृशार्त्तये । नयाश्च प्रमाणे

च नयप्रमाणानि नयप्रमाणाना वाचः वचनानि नयप्रमाणवाचः। नयप्रमाणवाच एव रश्मयो गभस्तय नयप्रमाणवाग्रश्मयः तैर्ध्वस्त निराकृतं ध्वान्त येनासौ नयप्रमाणवाग्रश्मिध्वस्तध्वान्त तस्मै नयप्रमाणवाग्रश्मिध्वस्तध्वान्ताय शान्तये षोडशतीर्थकराय। किमुक्त भवति—शान्तये इमान् स्तवान् प्रयत्य वक्ष्यहम्। किं विशिष्टाय शान्तये प्रास्तश्रान्ताकृशार्त्तये नयप्रमाणवाग्रश्मिध्वस्तध्वान्तायेत्यर्थः॥ ७८॥

हे देव शान्तिनाथ! आप दुःखी लोगोंके बड़े २ दुःखोंको दूर करनेवाले हैं, नय तथा प्रमाणोंके वचनरूप किरणसमूहसे मिथ्याज्ञानरूपी अंधकारको नाश करनेवाले हैं। हे प्रभो! मैं इस स्तुतिके बहानेसे आपसे कुछ कहना चाहता हूं॥ ७८॥

सर्वपादमध्ययमकः।

स्वसमान समानन्द्या भासमान स मानघ।
ध्वंसमानसमानस्तत्रासमानसमानतम्॥ ७९॥

स्वसेति—सर्वेषु पादेषु समानशब्द पुनः पुनरुच्चरितो यतः। उ स्वेन आत्मना समान. सदृशः स्वसमान नान्येनोपम इत्यर्थः तस्य सम्बोधन स्वसमान। समानन्द्याः क्रियापदम्, स आङ् पूर्वस्य टुनदिसमृद्धावित्यस्य धोः लिङन्तस्य रूपम्। भासमान शोभमान सः इति तद. कृतात्वस्य रूपम्। मा अस्मद इबन्तस्य प्रयोग। अनघ न विद्यते अघ पाप यस्यासावनघ. तस्य सम्बोधन हे अनघ घातिचतुष्टयरहित। ध्वसमानेन नश्यता समः समानः ध्वंसमानसमः नश्यन्समान इत्यर्थ। अनस्तः अविनष्टः त्रासः उद्वेगः भय यस्य तदनस्तत्रास, मन एव मानसं स्वार्थिकः अण्, अनस्तत्रासं मानस यस्यासावनस्तत्रासमानसः। ध्वसमानसमश्चासौ अनस्तत्रासमानसश्च ध्वसमानसमानस्तत्रासमानसः तं

ध्वसमानसमानस्तत्रासमानसम् । आनत प्रणतम् । समुदायार्थः—हे शान्तिभट्टारक स्वसमान भासमान अनघ परमार्थत्वेन ख्यातोयस्त्व स मा समानन्द्या: कि विशिष्ट मा ध्वसमानसमानस्तत्रासमानस आनत महद्भक्त्या प्रणतम् ॥ ७९ ॥

हे भगवन् ! शान्तिनाथ ! आप अपने ही समान हैं । ससार मे अन्य ऐसा कोई नही है जिसकी उपमा आपके लिये दे सके । आप अतिशय शोभायमान हैं निष्पाप और प्रसिद्ध है । हे प्रभो मैं बडी भक्तिसे आपके चरणकमलोमे नमस्कार कर रहा हूं, मेरे चित्तका उद्वेग नष्ट नहीं हुआ है किंतु मैं प्राय नष्ट होनेके सन्मुख हू । इसलिये हे देव ! मुझे वर्द्धनशील अर्थात् आत्मोन्नति करनेमे समर्थ कीजिये ॥ ७९ ॥

मुरज ।

सिद्धस्त्वमिह संस्थानं लोकाग्रमगमः सताम् ।
प्रोद्धर्तुमिव सन्तानं शोकाब्धौ मग्नमंक्ष्यताम् ॥८०॥

सिद्ध इति—सिद्ध निष्ठित, कृतकृत्य । त्व भवान् । इह अस्मिन् । सस्थानं समानस्थान सिद्धयोग्यस्थान सिद्धमित्यर्थ. । लोकाग्र त्रिलोकमस्तकम् । अगम गत गमेर्लङन्तस्य रूपम् । सता पण्डिताना भव्यलोकानाम् । प्रोद्धर्तुमिव उत्तारितुमिव । सन्तान समूहम् । शोक एव अब्धि. समुद्र. शोकाब्धि दु.खसमुद्र इत्यर्थ तस्मिन् शोकाब्धौ । मग्ना प्रविष्टा. मक्ष्यन्त. प्रवेक्ष्यन्त. मग्नाश्च मक्ष्यन्तश्च मग्नमंक्ष्यन्त तेषा मग्नमक्ष्यताम् प्राप्तशोकानामित्यर्थः । समुदायार्थ —हे शान्तिनाथ य इह सिद्ध. त्वं सस्थान लोकाग्र अगम.

सतां मग्नमस्यता सन्तानं प्रोद्धर्तुमिव । किमुक्तं भवति—भट्टारकस्य ासिद्धिगमन सकारणमेव ' परार्थे हि सतां प्रयत्नः ॥ ८० ॥

हे प्रभो ! शान्तिनाथ ! आप इस लोकमें ही कृतकृत्य (सिद्ध वा मुक्त) हो चुके थे । तथापि लोकाग्रभाग अर्थात् सिद्धशिलापर जा विराजमान हुये । हे देव ! आपका यह ऊपर जाना निष्प्रयोजन नहीं है किन्तु जन्म मरण रूप दुःखसागरमे पड़े हुये वा पड़ते हुये भव्यजीवोंके समूहको निस्तार करनेके लिये ही आप ऊपर जा विराजमान हुये हो । अभिप्राय यह है कि जैसे कोई विशेष शक्तिशाली पुरुष अपनी सामर्थ्यसे किसी ऊंचे स्थानपर चढ़ जाय तो वह नीचेके जलाशयमे पड़े हुये प्राणियोको रस्सी द्वारा सहज रीतिसे ऊपर खींच सकता है । उसी प्रकार अपने गुणों द्वारा ससारसमुद्रमें पड़े हुये प्राणियो को उद्धार करनेके लिये ही मानो शान्तिनाथ भगवान ऊपर सिद्धशिलापर जा विराजमान हुये हैं ॥ ८० ॥

इति शान्तिनाथस्तुति. ।

सर्वपादान्तयमकः ।

कुंथवे सुमृजाय ते नम्रूनरुजायते ।
ना महीर्ध्वनिर्जायते सिद्धये दिवि जायते ॥ ८१ ॥

कुथवे इति—सर्वपादान्तेषु जायते इति पुन. पुनरावर्तित यतः । कुंथवे कुथुभट्टारकाय सप्तदशतीर्थंकराय । सुमृजाय सुशुद्धाय । ते तुभ्यम् । नम्रः नमनशीलः विसर्जनीयस्ययत्वम् , ऊना विनष्टा रुजा

व्याधि र्यस्य स ऊनरुजः ऊनरुज इव आत्मानमाचरतीति ऊनरुजा-यते । ना पुरुषः । महीषु पृथिवीषु । हे आनिज निरन्वयेन जायते इति निजः न निजः अनिजः तस्य सम्बोधन हे अनिज । अयते गच्छति । सिद्धये मोक्षाय गत्यर्थानामप् । दिवि स्वर्गे । जायते उत्पद्यते । णमु प्रह्वत्वे शब्दे इत्यस्य धोः प्रयोगे विकल्पेनाप् प्रभवति । वक्तव्येन समुदायार्थः—हे अनिज ते तुभ्य कुथवे सुमजाय नमः ना पुरुष इह लोकेषु ऊनरुजायते अयते सिद्धये दिवि स्वर्गे जायते ॥ ८१ ॥

हे भगवन् ! कुंथुनाथ ! आप वास्तवमें जन्म मरण रहित हैं, परम शुद्ध हैं । हे देव ! जो पुरुष आपके प्रति नम्रीभूत होता है आपको नमस्कार करता है वह इस लोकमे सम्पूर्ण आधि व्याधियोसे रहित हो जाता है तथा परलोकमे सिद्धगतिको प्राप्त होता है अथवा स्वर्गमे उत्पन्न होता है ॥ ८१ ॥

मुरजः ।

यो लोके त्वा नतः सोतिहीनोप्यतिगुरुर्यतः ।
बालोपि त्वा श्रितं नौति को नो नीतिपुरुः कुतः ८२

यो लोके इति—य. कश्चित् । लोके भुवने । त्वा युष्मद' इब-न्तस्य रूपम् । नतः प्रणत' । स तद वान्तस्य रूपम् । अतिहीनोपि अतिनिकृष्टोपि । अतिगुरुः महाप्रभु र्भवति इत्यध्याहार्यम् । यतः यस्मात् । बालोपि अज्ञान्यपि मूर्खोपि । त्वा कुथुभट्टारकं । श्रित श्रेय आश्रयणीयम् । नौति स्तौति । को नो को न । नीतिपुरुः नीत्या बुद्ध्या पुरुः महान् । कुत कस्मात् । संक्षेपार्थः—हे कुथुभट्टारक त्वाश्रित-मिह लोके योतिहीनोपि नत' सोतिगुरुर्यतः ततः बालोपि त्वा को न नौति नीतिपुरुः पुनः कुतो न नौति किन्तु नौत्येव ॥ ८२ ॥

हे कुंथुनाथ भगवन् ! आप सब जीवोंको आश्रय लेनेयोग्य हैं। इस संसारमें जो जीव आपको नमस्कार करता है वह चाहे अति निकृष्ट हो तथापि आपको नमस्कार करनेमात्रसे ही वह महाप्रभु अर्थात् सबका स्वामी हो जाता है। अतएव ऐसा कौनसा मूर्ख है जो आपको नमस्कार न करे अथवा ऐसा कौनसा बुद्धिमान् है जो आपको नमस्कार न करे। अर्थात् सब लोग आपको नमस्कार करते ही हैं ॥ ८२ ॥

गतप्रत्यागतार्द्धभ्रमः।

नतयात विदामीश शमी दावितयातन।
रजसामंत सन् देव वंदेसंतमसाजर ॥ ८३ ॥

नतेति—गतप्रत्यागतार्द्ध इत्यर्थः। नतैः प्रणतैः यातः गम्यः नतयातः तस्य सम्बोधनं हे नतयात। विदां ज्ञानिनां ईश स्वामिन्। शमी उपशान्तः। दावितं उपतापितं यातनं दुःखं येनासौ दावितयातनः तस्य सम्बोधनं हे दावितयातन। रजसां पापानां अन्त विनाशक। सन् भवन्। देव परमात्मन्। त्वामहमित्यध्याहार्य्यः सामर्थ्यलब्धो वा। वंदे स्तौमि। न विद्यते संतमसं अज्ञानं यस्यासौ असंतमसः तस्य सम्बोधनं हे असंतमस। अजर जातिजरामृतिरहित। किमुक्तं भवति—हे कुंथुस्वामिन् नतयात विदामीश दावितयातन रजसामंत देव असंतमस अजर शमी शान्तः सन् त्वां वन्देहमिति सम्बन्धः ॥८३॥

हे कुंथुनाथ ! आपको वही जान सकता है जो आपको नमस्कार करता रहता है, आप ज्ञानियोंके भी ईश्वर हैं, सदा शान्तरूप हैं, दुःखोंको दूर करने वाले और पापोंको नाश करने-

वाले हैं। आप जरारहित हैं, अज्ञानरहित हैं । हे परमात्मन् ऐसे आपको मैं नमस्कार करता हूं ॥ ८३ ॥

बहुक्रियापदद्वितीयपादमध्ययमकातालुव्यञ्जनावर्णस्वर
गूढद्वितीयपादसर्वतोभद्रः ।

पारावाररवारापारा क्षमाक्ष क्षमाक्षरा ।
वामानाममनोमावारक्ष मर्द्धमक्षर ॥ ८४ ॥

पारेति—बहुक्रियापदद्वितीयपादमध्ययमकातालुव्यञ्जनावर्णस्वरगूढद्वितीयपादसर्वतोभद्रः । बहुक्रियापदानि—अम अव आरक्ष । द्वितीये पादे क्षमाक्ष इति मध्ये मध्ये आवर्त्तितम् । सर्वाणि अतालुव्यञ्जनानि । अवर्णस्वराः सर्वेषि नान्यः स्वरः । द्वितीयपादे यान्यक्षराणि तान्यन्येषु त्रिषु पादेषु सन्ति यत ततो गूढद्वितीयपादः सर्वैः प्रकारैः पाठः समान इति सर्वतोभद्रः ।

पारावारस्य समुद्रस्य रवो ध्वनिः पारावाररव पारावाररव इयर्त्ति गच्छतीति पारावाररवारः तस्य सम्बोधन पारावाररवार समुद्रध्वनिसदृशवाणीक । न विद्यते पार अवसान यस्याः सा अपारा अलब्धपर्यन्ता । क्षमा पृथिवीं अक्ष्णोति व्याप्नोतीति क्षमाक्ष ज्ञानव्याप्त सर्वमेयः तस्य सम्बोधन हे क्षमाक्ष । क्षमा सहिष्णुता सामर्थ्यं वा । अक्षरा अविनश्वरा । वामाना पापानाम् । अमन खनक । अम प्रीणय । अव शोभस्व । आरक्ष पालय । मा अस्मदः इबन्तस्य रूपम् । हे ऋद्ध वृद्ध । ऋद्धं वृद्धम् । न क्षरतीत्यक्षर, तस्य सम्बोधन हे अक्षर । समुदायार्थः—हे कुंथुनाथ, पारावाररवार, क्षमाक्ष, वामानाममन, ऋद्ध, अक्षर, ते क्षमा अक्षरा अपारा यतः ततः मा ऋद्धं अम अव आरक्ष । अतिभाक्तिकस्य वचनमेतत् ॥ ८४ ॥

